# दो बालकों की तालाब में डूबने से हुई मौत

सिवनी (स्वतंत्रमत )

दो नादान बच्चे खेलते हुए, जलाशय के नजदीक शौच आदि के लिये गये, जो अनियंत्रित होकर जलाशय में एक बालक गिर गया, जिसे देखकर व डूबता हुआ समझकर दूसरा बालक भी कूदा और दोनों असमय दुर्घटना का शिकार हो गये, गहरे पानी में डूबने से दोनों ही बालक काल के गाल में समा गये और जल समाधी बन गई, मामला थाना उगली के अंतर्गत ग्राम पिपरिया का है, इस हृदय विदारक हादसे में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई,प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित पंद्रे (उम्र 8 वर्ष), पिता राकेश पंद्रे,



निवासी पिपरिया का शव पहले ही बरामद कर लिया गया, बाद में संजीव अड़मे (उम्र 8 वर्ष पिता शिवचरण अड़मे निवासी पिपरिया की तलाश पुलिस एवं सथानिय गोता खोरों और ग्रामीणों द्वारा लगातार की गई, दूसरे बच्चे संजीव अड़मे का शव भी देर रात को बरामद कर लिया गया है,घटना के बाद पूरे गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड पडी,पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, घटना दिनांक 4 मई शाम की पुलिस थाना प्रभारी के दिशा निर्दश पर ऐ एस आई सुमेर चंद ऊइके ने बताया कि दोनों बालक खेल के दौरान तालाब के गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई, जिस स्थान पर शव बरामद हुए वहां 10-12 फिट पानी था, गल आदी डालकर रेस्क्यू किया गया,स्थानीय गोताखोर और परिजनों की मदद से दोनों शवों को सुरक्षित निकाला गया और अगले दिन सुबह पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कार्रवाई बाद दोनों बालकों के शव को परिजनों के सौंपने की कार्रवाई की गई और पुलिस थाना उगली ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रहे हैं।

# ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराया, टला हादसा

सिवनी (स्वतंत्रमत )

सिवनी जिले के लखनादौन नगर में देर रात वार्ड क्रमांक-5 की संकरी सड़क पर ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया। जिससे पोल और ट्रक दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, घटना देर रात संकरी सड़क से अंदर प्रवेश करते समय हुआ। मोड़ पर वाहन को पीछे करते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक का पिछला हिस्सा सीधे बिजली के खंभे से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं ट्रक के पिछले हिस्से



को भी काफी नुकसान पहुंचा।चालक के रास्ते की सही जानकारी नहीं होने से हादसा

हादसे के समय सड़क पर आवाजाही कम थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि घटना दिन के समय होती, तो कई राहगीर या अन्य वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे।

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, संकरी सड़क और तीखा मोड़ हादसे का मुख्य कारण माने जा रहे हैं। कुछ लोगों ने यह आशंका भी जताई कि चालक को रास्ते की सही जानकारी न होने के कारण हादसा हुआ होगा। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।बिजली कंपनी ने सुधार कार्य शुरु किया हादसे के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। सूचना मिलने पर बिजली कंपनी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल को दुरुस्त करने का काम शुरू किया। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मानस चौरसिया ने जीता सिल्वर मेडल



सिवनी (स्वतंत्रमत )

मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर कैडेट एवं जूनियर कराटे प्रतियोगिता में सिवनी जिले के खिलाड़ी मानस चौरसिया और अधीश तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने कुमीते और काता जैसी विभिन्न कराटे विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 1 मई से 3 मई तक इंदौर पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर, इंदौर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के लगभग 20 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र सेल्फ डिफेंस कराते ट्रेनिंग सेन्टर सिवनी के खेल प्रशिक्षक ओमकार कश्यप,सेन्साई राधिका कश्यप,सेन्साई घनश्याम कश्यप ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र सिवनी के खिलाड़ी मानस चौरसिया ने कड़े मुकाबलों के बीच शानदार खेल दिखाते हुए सिल्वर पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संगोष्ठी व रैली शपथ का आयोजन

धनौरा। (स्वतंत्रमत )

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रभावशील है। इस कड़ी में विकासखंड धनौरा अंतर्गत ओमकार सिंह ठाकुर सीईओ व सौरभ शुक्ला जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद धनोरा व समस्त ग्राम पंचायत धनोरा के संयुक्त तत्वाधान से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासन व जनसमुदाय की सहभागिता से जल संवाद,कलश रैली नारो के साथ,शपथ व श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।

ग्राम पंचायत उमरपानी में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेश मार्शकोले सरपंच ,श्याम उईके विकासखंड समन्वयक उईके, राजकुमार उईके



ग्राम पटेल, भसोडीलाल प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष,शिवराम उईके सचिव हरिश्चंद उईके ,गणेश लाल विश्वकर्मा सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में मां सरस्वती जी के छायाचित्र का पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम जल संवाद कार्यक्रम में श्याम उईके विकासखंड समन्वयक द्वारा जल संवर्धन अभियान के उद्देश्य को जन संवाद करते हुए ग्रामीणों व उपस्थितजनों के बीच रखते हुए ग्रामीणों से जल संरक्षण करने की बात रखी गई।

जल की समस्या, जल संरक्षण कैसे करे, जल का सदुपयोग कैसे करे आदि बातों को संवाद के द्वारा बताया गया उन्होंने ये भी बताया कि अगर पानी नहीं बचाएंगे तो भविष्य में ऐसी नौबत आ सकती कि पानी हमें कैप्सूल के रूप में खरीदना पड़े और प्यास बुझानी पड़े ।

जल संवाद में बताया गया कि पानी एक निश्चित मात्रा में उपलब्ध होता है उसका सदुपयोग करे। पानी का संरक्षण जमीन में पानी रोकने से होगा इसलिए जब तक सब पानी बचाने जन आंदोलन में सहयोग नहीं करेंगे तब तक जल का संरक्षण संभव नहीं होगा इस लिए शासन के इस अभियान में आप जनादोलन चलाकर सहयोग करे क्योंकि गांव आपका है इसकी रक्षा आपकी करना आपकी जिम्मेदारी है। सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में रैली के साथ जल बचाने के नारे लगाकर शपथ ली गई। ग्राम समस्त ग्रामीणजन उपस्थित होकर जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका रही।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जनसुनवाई में नागरिकों की सुनी समस्याएं



सिवनी (स्वतंत्रमत )

मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजित जनसुनवाई मे अनेकों नागरिकों के आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिया।

जनसेवा के संकल्प के साथ भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा आज प्रति मंगलवार अनुसार अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे से आरंभ की गयी इस जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज गांवों और नगर के विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों द्वारा अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित अनेकों आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिसमें विधायक दिनेश मुनमुनने प्रत्येक आवेदकों से भेंट कर उनकी बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता और समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

# 43वां सालाना उर्स श्रद्धा और भाईचारे के साथ संपन्न विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' ने दी विकास की सौगातें

सिवनी (स्वतंत्रमत )

शहर से सटे बोरदई टेकरी पर हजरत बाबा सैय्यद अब्दाल कादरी शाह रह. अलैह का 43वाँ सालाना उर्स शरीफ पूर्ण अकीदत, अनुशासन और आपसी भाईचारे के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन में सिवनी सहित आसपास के क्षेत्रों और दूर-दराज से बड़ी संख्या में जायरीनों ने शिरकत कर बाबा की दरगाह पर हाजिरी लगाई। बोरदई सामाजिक कल्याण कमेटी सिवनी के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का संचालन आशिक कमेटी (दरगाह), बोरदई टेकरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग देखने को मिला। कमेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स के दौरान लंगर, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं, जिसमें



स्वयंसेवकों ने दिन-रात मेहनत कर अहम भूमिका निभाई। उर्स के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने जायरीनों का उत्साहवर्धन करते हुए बोरदई टेकरी क्षेत्र के विकास हेतु दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें क्षेत्र में विद्युत समस्या के समाधान के लिए नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने तथा आने-जाने वालों की सुविधा के लिए सीढ़ियों का निर्माण शामिल है। इन घोषणाओं पर कमेटी एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन एवं पुलिस बल का भी विशेष योगदान रहा, जिनके सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। आशिक कमेटी ने सभी सहयोगियों, स्वयंसेवकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जायरीनों का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। कमेटी ने दुआ की कि बाबा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और सिवनी शहर में इसी तरह आपसी सौहार्द और भाईचारा कायम रहे।

# संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति

सिवनी (स्वतंत्रमत )

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशारूप, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा बरघाट विधानसभा के बरघाट, गंगेरूआ एवं कुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज राहंगडाले, नीलकंठ बाहेश्वर एवं शिवनारायण उइके द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई जो निम्नानुसार है। 1. बरघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संदेश लखेरा। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष शाहिद खान बरघाट, राजेन्द्र मराठे खुर्सीपार, अविनाश तिवारी वार्ड क्रं 14 बरघाट। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव दिलीप राहंगडाले केकड़ई, आरिफ खान बोरी, अशोक आचरे नगझिर, श्रीमती उपासना बोपचे खामी, राधेश्याम टांडेकर धारनाकलॉ, खीरराम चौधरी गोरखपुर। ब्लॉक कांग्रेस सचिव धनकुमार मडावी बेहरई, साकिर खान वार्ड क्रं. 3 बरघाट, पवन सूर्यवंशी वार्ड क्रं 13 बरघाट, जितेन्द्र शर्मा धारनाकलॉ, अंकित सोनवाने गोंडेगांव, श्रीमती बिन्द्रा परते ताखलाखुर्द, अशोक वरकड़े मानेगांव, श्रीमती राजेश्वरी कोडोपे खूंट। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) शमीम खान बोरी। ब्लॉक सोशल मीडिया में कुंदन राहंगडाले का समावेश किया गया। 2. गंगेरूआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रूपेन्द्र बिसेन पिपरिया। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष दिलीप यादव अरी, रमेश देशमुख नंदौरा, नकीब खान आष्टा। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव अतीक मौलाना अरी, कैलाश नागेश्वर डुंगरिया, कैलाश उइके चिरचिरा, राधेश्याम जामरे धपारा, गुरूदयाल राहंगडाले इंदौरी, कैलाश गोनकर निवारी। ब्लॉक कांग्रेस सचिव मथुरा पंचेश्वर सुकला, तामसिंह खण्डाते मोहगांव, जयप्रकाश पंचेश्वर गोकलपुर, विजय बिसेन दौंदीवाड़ा, श्रीमती कल्पना मेसराम जाम, श्रीमती शकुनतला बाहेश्वर काठी, श्रीमती अनिता श्रीवेल टिकारी। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) टूपसिंह पटले अरी, ब्लॉक सोशल मीडिया राजेन्द्र राहंगडाले की नियुक्ति की गई। 3. कुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रामदास ताले बबई। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष त्रिलोक सोनेश्वर कुडवा, तिलकचंद मोरे खैरघाट, देवेन्द्र दीक्षित कुरई। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव नरेश गोनगे बिछुआ, दादुसिंह उइके करजमारा, अनिता सिंग खवासा, बेनीप्रसाद धुर्वे मेटेवानी, कासिम खान खवासा, धमेन्द्र परते कुरई। ब्लॉक कांग्रेस सचिव मोतीराम धुर्वे टुरिया, भागवती आहके बिछुआ, अखलेश डहरवाल कुरई, अखलेश तेकाम बीसापुर, राजेश बरकड़े पिण्डरई, जितेन्द्र बोमचेर बिछुआ, कमल डहरवाल हरदुली, कुशकुमार बरमैया कोंदाझिरी, दुर्गा गोनगे बिछुआ, निर्मिला भलावी रिड्डी। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) सानू खान खवासा। ब्लॉक सोशल मीडिया फाजिल फारूख कुरई की नियुक्ति की गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी एवं बरघाट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज राहंगडाले, गंगेरूआ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीलकंठ बाहेश्वर एवं कुरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवनारायण सिंह उइके सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने सभी नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कर बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की है।

# भाजपा की पहचान जनसेवा और सुशासन

सिवनी (स्वतंत्रमत )

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित बैठकों का सिलसिला निरंतर जारी है।

इसी क्रम में भाजपा जिला संगठन प्रभारी एवं जबलपुर कैंट विधायक अशोक रोहाणी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने जिले के धूमा, लखनादौन, छपारा, बंडोल तथा सिवनी नगर के उत्तर एवं दक्षिण मंडलों की बैठकों में सहभागिता करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों में नई ऊर्जा का संचार किया।

बैठकों के दौरान संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पार्टी की सभी गतिविधियों को योजनाबद्ध, समयबद्ध और लक्ष्य आधारित तरीके से संचालित किया जाए। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना भाजपा का मूल ध्येय है, जिसे प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी मानकर कार्य करे।



### संगठन की मजबूती पर विशेष जोर

जिला भाजपा मीडिया विभाग के अनुसार, 4 मई से प्रारंभ हुए प्रवास के दौरान श्री रोहाणी ने जिले के विभिन्न मंडलों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा स्पष्ट की तथा कार्यकर्ताओं को लक्ष्य केंद्रित कार्यप्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने अपने प्रवास की शुरुआत धूमा मंडल से करते हुए क्रमश: लखनादौन, छपारा, बंडोल और अंतत: सिवनी नगर के उत्तर एवं दक्षिण मंडलों की संयुक्त बैठक में भाग लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रत्येक स्थान पर कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं सक्रियता का वातावरण स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

### भाजपा की पहचान जनसेवा और सुशासन

अपने ओजस्वी संबोधन में श्री रोहाणी ने कहा कि भाजपा की सरकारें देश और प्रदेश में जनसेवा, विकास और सुशासन के माध्यम से जनता की पहली पसंद बन चुकी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का नेतृत्व पूर्ण पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ सत्ता का उपयोग जनहित में कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा का जनाधार निरंतर विस्तार पा रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे निरंतर जनता के बीच सक्रिय रहकर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाएं, समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा भाजपा की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। यही संगठन की वास्तविक शक्ति और पहचान है।

### मन की बात' को हर बूथ तक पहुंचाने का लक्ष्य

श्री रोहाणी ने प्रधानमंत्री के मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने की योजना पर विशेष बल देते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच संवाद, समन्वय और वैचारिक आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम देखने के पश्चात उसकी फोटो संगठन के एप पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए तथा जिले में इस कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि सिवनी जिले में मन की बात' कार्यक्रम के आयोजन का रिकॉर्ड उत्कृष्ट रहा है, जिसे बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।

### मीना बिसेन ने की समीक्षा, दिए निर्देश

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने मंडल बैठकों में पूर्व कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपनी निर्धारित जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ करें तथा संगठन के निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करें।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन का आह्वान

सिवनी नगर मंडल की बैठक में दिनेश राय मुनमुन ने संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी की योजना अनुसार कार्यक्रमों का संचालन किया जाए तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण में पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी आवश्यकता हो, कार्यकर्ता उन्हें अवगत कराएं, वे हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

# आमजन से रक्तदान की अपील

सिवनी (स्वतंत्रमत )

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय सिवनी द्वारा जानकारी देकर बतया गया कि जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर में रक्त की कमी होने के कारण गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना में घायल मरीजों, सिकल सेल एवं थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है।

उन्होंने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करें। रक्तदान एक महादान है, जिससे कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

# कुरई में अस्थिबाधित दिव्यांगजन हेतु कृत्रिम अंग प्रदाय के लिए शिविर का आयोजन

सिवनी (स्वतंत्रमत )

जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में एडिप योजना अन्तर्गत अस्थिबाधित दिव्यांगजन के लिए ऑन द स्पॉट कैलीपर्स / कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) के लिए चिन्हाकंन सह वितरण शिविर का आयोजन एस. आर. ट्रस्ट रतलाम के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण उपरान्त चिन्हांकित कर शिविर स्थल पर ही कैलीपर्स/कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) बनाकर प्रदान करने की कार्यवाही जारी है। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी ने बताया कि 04 मई को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी सिवनी में आयोजित शिविर में कुल 76 (जनपद पंचायत सिवनी 67 एवं नगरीय निकाय के 09) अस्थिबाधित दिव्यांगजन लाभान्वित हुये।

इसी तारतम्य में जनपद पंचायत कुरई 05 मई 2026, जनपद पंचायत बरघाट 06 मई एवं जनपद पंचायत घंसौर 07 मई 2026 को ऑस्थबाधित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किये जायेंगे। आयोजित शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह द्वारा पात्र अस्थिबाधित दिव्यांगजनो से शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

जिले का एक मात्र 100 बिस्तर वाला अस्पताल आईएसओ सर्टिफाईड 9001:2008

जिंदल हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक्स एंड रिसर्च सेंटर

ब्लड बैंक सुविधा उपलब्ध. सिवनी में पहली 1.5 टेस्ला एमआरआई ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।

हमारी सुविधाएं: एम.आर.आई.,सी.टी. स्कैन,डायलिसिस,पैथोलॉजी (सभी प्रकार की जाँच सुविधा)ऑपरेशन सुविधा: हड्डी जोड़ने के लिये नैलिंग प्लेटिंग, रॉड एण्ड इम्प्लांट फिक्सेशन, बिना टांके के बच्चादानी ऑपरेशन, हिप्स और घुटने का रिप्लेसमेंट

दलसागर तालाब के पास भगत सिंह वार्ड सिवनी मो.- 6260196758